प्रादेशिक समाचार बुलेटिन,
आकाशवाणी, लखनऊ।

प्रसारण तिथि : 01.05.2025 प्रसारण समय : 19:20 बजे

मुख्य समाचार :–

1. उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने लखनऊ में राज्यपाल आनंदीबेन पटेल के जीवन पर आधारित पुस्तक 'चुनौतियां मुझे पसंद हैं' का किया विमोचन : कहा– बीते 8 वर्षों में उत्तर प्रदेश में हुआ विकास है शोध का विषय।
2. प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज मुंबई में पहले वर्ल्ड ऑडियो विजुअल एंटरटेनमेंट सम्मेलन–वेव्स का किया उद्घाटन : कहा– वैश्विक रचनात्मकता में नेतृत्व करने का भारत के लिए यह सही समय।
3. शाहजहांपुर में गंगा एक्सप्रेस–वे कल बनेगा राफेल, जगुआर और मिराज जैसे लड़ाकू विमानों का रन–वे : वायुसेना के अभ्यास को देखते हुए शाम सात से रात दस बजे तक बंद रहगा मार्ग। और
4. गोरखपुर और बस्ती में बिजली गिरने से 4 लोगों की मौत : मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने जताया शोक, मृतकों के परिजनों को तत्काल राहत राशि देने के दिए निर्देश।

————————

उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने आज लखनऊ में राज्यपाल आनंदीबेन पटेल के जीवन पर आधारित पुस्तक 'चुनौतियां मुझे पसंद हैं' का विमोचन किया। कार्यक्रम में राज्यपाल और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ समेत कई

गणमान्य मौजूद रहे। उपराष्ट्रपति ने राज्यपाल की आत्मकथा को प्रेरक बताया। इस अवसर पर पहलगाम आतंकी हमले का ज़िक्र करते हुए उन्होंने कहा कि पहलगाम की घटना देश के सामने एक चुनौती प्रस्तुत करती है और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने हमेशा चुनौतियों को स्वीकार किया है। बाइट...

*पहलगाम एक चुनौती प्रस्तुत करता है। हम भारतीय हैं। भारतीयता हमारी पहचान है। राष्ट्रवाद हमारा धर्म है और राष्ट्रीयता से हम ओतप्रोत है। इससे हम दूर नहीं अटक सकते और यही कारण है कि आज दुनिया भारत की ओर देख रही है। भारत के प्रधानमंत्री ने सबसे बड़ी चुनौती स्वीकार की और चुनौतियों को अवसर में बदला।*

उपराष्ट्रपति ने प्रदेश की आर्थिक प्रगति, बेहतर कानून–व्यवस्था और बुनियादी ढांचे में हुए विकास की सराहना की। उन्होंने कहा कि बीते आठ साल में हुआ यूपी का विकास, शोध का विषय है। बाइट.....

*साढ़े आठ साल में बिना कोई टैक्स लगाए हुए टेल्व पॉइंट सेवेन फाइव लाख की जो करोड़ की जो इकोनॉमी थी उसको करीब तीस लाख करोड़ तक ले गए। हर अर्थशास्त्री के लिए अचंबा है कि उत्तर प्रदेश उत्तर प्रदेश इस तरीके से बनाए ये शोध का विषय है।*

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने कहा कि यह पुस्तक आत्मबल, परिश्रम और सामाजिक परिवर्तन की प्रेरणादायक गाथा है। बाइट....

*ये पुस्तक मेरी उन भावना और संघर्ष और अनुभव की यात्रा है। इस पुस्तक के माध्यम से मेरा प्रयास ये रहा है की मैं उन संघर्ष और अनुभवों को साझा कर सकू जो शायद किसी और के जीवन में आशा की किरण बने*

*किसी थके हुए यात्री को सबल दे या किसी युवा को ये विश्वास दे की कोई भी लक्ष्य असंभव नहीं होता है। यदि आपकी इच्छा शक्ति प्रबल हो।*

इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्यपाल के संघर्षमय जीवन की चुनौतियों पर लिखी गई पुस्तक नइ पीढ़ी के लिए मार्गदर्शक बनेगी। बाइट....

*मुझे लगता है की चुनौती नहीं है तो फिर जीवन का सार भी बेकार हो जाता है और जब चुनौती है तो यह अक्सर सही बैठता है की अवसर सबको मिलते हैं लेकिन कुछ बिखर जाते है कुछ निखर जाते है निखरते वही है जो लोग चुनौती को स्वीकार करते हुए हसते हसते उसको गले लगाकर के अपना मार्ग प्रशस्त करते हैं और बिखरते वही है जो चुनौती से प्लान करते हैं।*

————————

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज मुंबई के जिओ वर्ल्ड कन्वेंशन सेंटर में पहले वर्ल्ड ऑडियो विजुअल एंटरटेनमेंट सम्मेलन–वेव्स का उद्‌घाटन किया। इस आयोजन में प्रदेश के कई क्रिएटर्स को विभिन्न प्रतियोगिताओं में जीत हासिल करने के लिए पुरस्कृत किया जाएगा। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि यह वैश्विक मंच है, जो कलाकारों और रचनाकारों के नये विचारों को बढावा देगा। वेव्स बाजार पहल की सराहना करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि यह नवोन्मेष और रचनाकारों को प्रोत्साहित करेगी।

*सौ से अधिक देशों के आर्टिस्ट, इन्वेटर्स, इन्वेस्टर्स और पॉलिसी मेकर एक साथ, एक ही छत के नीचे एकत्र आए हैं। वेव्स ये सिर्फ एक्रोनियम नहीं, ये वाकई एक वेव है, कल्चर की, क्रिएटिविटी की, यूनिवर्सल कनेक्ट की।*

प्रधानमंत्रो ने कहा कि भारत, दुनिया की तीसरी सबसे बडी अर्थव्यवस्था बनने की राह पर है और उसके पास विश्व का तीसरा सबसे बडा स्टार्टअप सिस्टम है।

*आज भारत दुनिया की थर्ड लार्जेस्ट इक्नॉमी बनने की तरफ तेजी से आगे बढ़ रहा है। आज भारत ग्लोबल फिन्टेक एडोप्शन रेट में नंबर–1 है। दुनिया का तीसरे सबसे बड़ा स्टार्टअप इकोसिस्टम भारत में है। विकसित भारत की हमारी जर्नी तो अभी शुरू हुई है। भारत बिलियन प्लस आबादी के साथ–साथ बिलियन प्लस टूरिस्ट का भी देश है।*

वेव्स सम्मेलन के उद्घाटन सत्र को संबोधित करते हुए केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा कि यह सम्मेलन रचनाकारों को वैश्विक मंच प्रदान करेगा और नई प्रौद्योगिकी के बारे में जानने का अवसर देगा।

———————

बक

यह समाचार आप आकाशवाणी लखनऊ से सुन रहे हैं।

ताज़ा समाचार जानने के लिये आप हमारो वेबसाइट न्यूज़ ऑन ए0आई0आर0 डॉट जी0ओ0वी0 डॉट आई0एन0 पर लॉगिन कर सकते हैं। इसके साथ ही आप प्रादेशिक समाचारों का यह बुलेटिन हमारे यूट्यूब चैनल न्यूज ऑन एआईआर लखनऊ पर भी सुन सकते हैं।

——————————

शाहजहांपुर में गंगा एक्सप्रेस–वे पर कल और 3 मई को वायुसेना के सबसे एडवांस फाइटर और ट्रांसपोर्ट एयर

क्राफ्ट्स को टेकऑफ और लैंड कराया जाएगा। इसमें राफेल से लेकर जगुआर और मिराज जैसे लड़ाकू विमान शामिल होंगे। सभी फाइटर जेट्स बरेली एयर फोर्स स्टेशन से उड़ान भरेंगे। इस एयर शो का उद्देश्य युद्ध या आपदा के समय इस एक्सप्रेस–वे को वैकल्पिक रन–वे के रूप में इस्तेमाल करना है। यह देश की पहली ऐसी पट्टी होगी, जहां वायुसेना के लड़ाकू विमान दिन–रात लैंडिंग कर सकेंगे। वायुसेना के अभ्यास को देखते हुए कटरा–जलालाबाद मार्ग कल शाम सात बजे से रात दस बजे तक पूरी तरह से बंद रहेगा। ज़िलाधिकारी धर्मेंद्र प्रताप सिंह ने बताया कि वायुसेना के अभ्यास को लेकर तैयारियों को अंतिम रूप दिया जा रहा है। बाइट....

*सारी तैयारियां हम लोगों ने कर ली है। एयर फोर्स की जो भी डिमांड थी वहां पे बसे हॉस्पिटल बनाने की वहां पे सीसीटीवी कैमरे लगाने की नाइट लैंडिंग से संबंधित जो भी तैयारियां सभी पूरी कर ली गई है और एयर फोर्स भी पूरी हमारी तैयारियों से संतुष्ट है। जहां तक पब्लिक की बात है तो कोई भी एंट्री बिना पास के नहीं होगी। दो तारीख को जो है पास के थ्रोग एंट्री सभी लोगों की है। तीन तारीख को हम लोग पब्लिक को भी पास देंगे और उसके लिए सिटी मजिस्ट्रेट के कार्यालय में संपर्क करना होगा।*

————————

लखनऊ की विशेष अदालत ने शाइन सिटी ग्रुप के मुख्य प्रमोटर राशिद नसीम को भगोड़ा घोषित कर दिया है। ईडी ने विशेष अदालत में राशिद नसीम को भगोड़ा घोषित करने और उनकी संपत्तियों को जब्त करने के लिए

आवेदन दायर किया था। न्यायालय ने मामले की सुनवाई के बाद नसीम की संपत्तियों को जब्त करने का भी आदेश दिया है। ईडी की जांच प्रदेश पुलिस द्वारा दायर की गई लगभग 554 एफआईआर पर आधारित है, जिसमें धोखाधड़ी, जालसाजी और आपराधिक साजिश जैसे गंभीर आरोप शामिल हैं।

————————

आज विश्व श्रमिक दिवस है। इस अवसर पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कामगारों को बधाई दी है। श्रमिक दिवस के अवसर पर प्रदेश भर में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। पेश है एक रिपोर्ट....

*श्रमिक दिवस के अवसर पर प्रदेश के श्रम एवं सेवायोजन मंत्री अनिल राजभर ने वाराणसी में जल जीवन मिशन के अंतर्गत चल रहे कार्यों का निरीक्षण किया। इस मौके पर उन्होंने श्रमिक पंजीकरण शिविर का उद्घाटन भी किया। साथ ही उत्कृष्ट कार्य करने वाले श्रमिकों को सम्मानित किया। अमरोहा में जिलाधिकारी निधिगुप्ता वत्स की अध्यक्षता में श्रम विभाग द्वारा संचालित योजनाओं से लाभान्वित श्रमिकों के लिए हित लाभ वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। वहीं इटावा में भी श्रमिक सम्मान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इटावा के सफारी पार्क में आज उत्कृष्ट कार्य करने वाले 10 कर्मचारियों को सम्मानित किया गया। महोबा में लेबर अड्डे पर श्रम विभाग द्वारा एक विशेष पंजीयन और जागरूकता कैम्प का आयोजन किया गया। इस अवसर पर वाराणसी के श्री काशी विश्वनाथ धाम में कार्यरत सफाई कर्मियों को मंदिर न्यास की ओर से वस्त्र वितरित किए गए। आकाशवाणी समाचार कक्ष से राघवेन्द्र त्रिपाठी।*

————————

बीते 24 घंटे में प्रदेश के पूर्वी हिस्से में तेज़ बारिश और ओले गिरने से जन जीवन अस्त–व्यस्त हो गया। गोरखपुर और बस्ती में बिजली गिरने से आज 4 लोगों की मौत हो गई। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आकाशीय बिजली गिरने से हुई जनहानि पर शोक व्यक्त किया है। उन्होंने मृतकों के परिजनों को अनुमन्य राहत राशि तत्काल देने के निर्देश दिए हैं। मौसम विभाग ने आगामी दो दिनों के लिए प्रदेश के अधिकांश हिस्सों में गरज चमक के साथ बारिश औऱ तेज़ हवाएं चलने का अनुमान जताया है।

————————

आईपीएल में आज जयपुर में मुंबई इंडियंस का मुकाबला राजस्थान रॉयल्स से हो रहा है।

(समाप्त)